Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to enhance the amount for construction of house under Pradhan Mantri Awas Yojana in rural and urban areas -laid.

श्रीमती गीता कोडा (सिंहभूम): प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लाभुक को दी जाने वाली मानक राशि Model Estimate 2015 से अब तक 1,30,000 रूपया है । पाँच वर्ष बीतने के बाद भवन निर्माण सामाग्रियों का मूल्य 50 प्रतिशत बढ चुका है जिसके कारण भवन निर्माण में कई दिक्कते आती है और जिसके चलते वह भवन अधूरा बन पाता है| मैं सरकार से निवेदन करना चाहती हूँ कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रह रहे लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि में भवन निर्माण की मानक लागत Model Estimate को 50 प्रतिशत बढ़ाया जाए जिससे सभी को इसका लाभ मिले ।